खास-खबरें

भजन संध्या के साथ आईसीएआई का दीपावली मिलन समारोह आयोजित



नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की मंदसौर जिला शाखा की ओर से आनंद मंगल रिसॉर्ट में दीपावली मिलन समारोह 2026 उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाखा के सदस्यों और उनके परिवारजनों ने शामिल होकर दीपावली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत शाखा अध्यक्ष सीए विनय अग्रवाल के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने शाखा की ओर से वर्षभर आयोजित गतिविधियों की जानकारी साझा की। समारोह में सुप्रसिद्ध भजन गायक योगेंद्र शर्मा और उनकी टीम ने आकर्षक भजन प्रस्तुतियां दीं। मधुर भजनों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। उपस्थित सदस्यों और उनके परिवारजनों ने प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर शाखा के सदस्य सीए अर्पित नागर, सीए नितेश भदादा, सीए रितेश पारिख, सीए अर्पित मेहता, सीए राजेश मंडवारिया और सीए दिनेश जैन ने भजन गायक योगेंद्र शर्मा एवं उनकी टीम का स्वागत और अभिनंदन किया।

नगर में अब एक समय होगा जलप्रदाय, बेतवा के पानी का उपयोग केवल घरेलू जरूरतों के लिए

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः नगर में पानी की उपलब्धता को लेकर नगर पालिका ने जलप्रदाय संयंत्र केंद्र महुआ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भविष्य में पानी की कमी की आशंका को देखते हुए नगर में जलप्रदाय एक ही समय करने का निर्णय लिया गया है। नगर पालिका ने जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पानी का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद न करें। साथ ही मोटर पंप के माध्यम से पानी खींचने वाले किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की हिदायत दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बेतवा नदी के पानी का उपयोग केवल पेयजल और घरेलू जरूरतों के लिए किया जाएगा। जल संकट की आशंका को देखते हुए पेयजल के अपव्यय पर रोक लगाने और उपलब्ध पानी का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने पर जोर दिया गया है।

सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, सुबह-शाम गर्म कपड़ों में नजर आए शहरवासी



नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः पहाड़ों पर बर्फबारी और मौसम में बदलाव का असर अब शहर में भी दिखाई देने लगा है। नवंबर के अंतिम दिनों में सुबह और शाम ठंड बढ़ने से लोगों ने स्वेटर, जैकेट और शॉल का सहारा लेना शुरू कर दिया है। दिन में कुछ समय धूप से राहत मिल रही है, लेकिन शाम ढलते ही ठंडी हवाएं सिहरन बढ़ा रही हैं। सुबह के समय शहर के कई इलाकों में लोग धूप निकलने का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। हल्की धूप मिलने के बाद राहत महसूस होती है, लेकिन शाम और रात में तापमान गिरने से ठंड का असर फिर बढ़ जाता है। शिप्रा तट पर सुबह स्नान और भ्रमण के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालु भी अब गर्म कपड़े पहनकर निकल रहे हैं। शिप्रा तट पर नियमित स्नान के लिए पहुंचने वाले विनीत शर्मा ने बताया कि पिछले एक-दो दिनों से ठंड का असर अधिक महसूस हो रहा है। सुबह घर से निकलते समय गर्म कपड़े पहनना जरूरी हो गया है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के आंकड़ों के अनुसार हाल के दिनों में न्यूनतम तापमान 11 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान लगभग 27.4 से 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह हवा की गति 4 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई।

मंदसौर कॉलेज की एलुमनी एसोसिएशन के चुनाव 30 नवंबर को होंगे

नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर की एलुमनी एसोसिएशन (पूर्व छात्र संघ) की नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए 30 नवंबर 2026 को निर्वाचन आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान सहायक प्राध्यापक डॉ. केआर सूर्यवंशी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन में वही पूर्व विद्यार्थी भाग ले सकेंगे, जिन्होंने 22 नवंबर 2026 तक एसोसिएशन की वैध सदस्यता प्राप्त कर ली है। वार्षिक और आजीवन सदस्यता वाले दोनों श्रेणियों के सदस्य मतदान के लिए पात्र होंगे। निर्वाचन के लिए पात्र मतदाताओं की सूची जारी कर दी गई है। सदस्य महाविद्यालय के कार्यालय समय में निर्वाचन अधिकारी डॉ. केआर सूर्यवंशी के पास सूची का अवलोकन कर सकते हैं और अपनी पात्रता सुनिश्चित कर सकते हैं। महाविद्यालय की ओर से एलुमनी एसोसिएशन के सभी वैध सदस्यों से निर्वाचन में सक्रिय सहभागिता करने और नई कार्यकारिणी के गठन में योगदान देने की अपील की गई है।

दुष्कर्म के आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर एक्शन दो जगह कार्रवाई, सुरक्षा में 150 जवान तैनात





नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः विदिशा में नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म के मामलों में आरोपितों से जुड़े दो मकानों पर बुधवार को प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की। तोपपुरा में चांद मियां उर्फ चांद खां का तीन मंजिला मकान तोड़ा जा रहा है, जबकि कोतवाली थाना क्षेत्र के खामबाबा में शरद गोस्वामी के मकान का अवैध निर्माण हटाया जा रहा है। दोनों स्थानों पर नगर पालिका, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमें कार्रवाई कर रही हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 150 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

दरअसल, 14 नवंबर को शहर में नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म के तीन अलग-अलग मामले सामने आए थे। घटनाओं के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठी थी। इसके बाद प्रशासन ने आरोपियों से जुड़े मकानों और उनके निर्माण संबंधी दस्तावेजों की जांच शुरू की। जांच में निर्माण संबंधी अनियमितताएं मिलने के बाद नगर पालिका ने दोनों स्थानों पर कार्रवाई की।

नजूल की जमीन पर निर्माण मिलने पर तोपपुरा में कार्रवाईः तोपपुरा निवासी चांद मियां के तीन मंजिला मकान पर कार्रवाई से पहले नगर पालिका की विशेष साधारण सभा में प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बाद मकान से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। चांद मियां के परिजनों ने प्लॉट की रजिस्ट्री नगर पालिका में पेश की थी, लेकिन भवन निर्माण की अनुमति से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सके। जांच में मकान नजूल की जमीन पर अवैध रूप से बना पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की।

नोटिस के बाद भी नहीं मिले निर्माण के वैध दस्तावेजः खामबाबा निवासी शरद गोस्वामी के मकान पर भी नगर पालिका की टीम कार्रवाई कर रही है। नगर पालिका ने 13 से 16 नवंबर के बीच शरद के परिजनों को नोटिस जारी कर मकान के भू-स्वामित्व और निर्माण अनुमति से जुड़े दस्तावेज मांगे थे। इसके बाद अंतिम नोटिस भी चस्पा किया गया, लेकिन निर्धारित समय में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। दोनों मकानों पर कार्रवाई के लिए अलग-अलग दल गठित किए गए थे। ध्वस्तीकरण के लिए पोकलेन मशीन किराए पर ली गई है। कार्रवाई का खर्च भी संबंधित पक्षों से वसूलने की बात कही गई है।

एक आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार, दूसरे की तलाशः इधर, दुष्कर्म के एक मामले में फरार आरोपी राकेश अहिरवार को कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। दुर्जनपुरा निवासी 19 वर्षीय राकेश को न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस उससे फरार आरोपी शरद गोस्वामी और घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी के संबंध में पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। मामलों की जांच के लिए विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) गठित किया गया है। पुलिस शरद की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

तीसरे आरोपी की संपत्तियों के दस्तावेजों की जांचः दुष्कर्म के तीसरे मामले में आरोपी विशाल किरार से जुड़ी संपत्तियों की भी नगर पालिका जांच कर रही है। अशोकनगर रोड स्थित मल्टी में उसके मकान और अन्य संपत्तियों के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। निर्माण में अनियमितता या अवैध हिस्सा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सुरक्षा के लिए 150 जवानों की तैनातीः दोनों स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए जिले के पुलिस बल के साथ बाहर से भी करीब 150 अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। एसपी रोहित काशवानी ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों या अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पैकिंग दूध के दामों में 4 से 6 रुपये तक की बढ़ोतरी, अमूल गोल्ड 74 रुपये लीटर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः महंगाई से परेशान आम उपभोक्ताओं को अब दूध की बढ़ी कीमतों का सामना करना पड़ेगा। निजी दूध कंपनियों ने पैकिंग दूध की अलग-अलग श्रेणियों में 2 से 6 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। नई दरें 12 नवंबर से लागू हो गई हैं। अमूल के साथ मदर डेयरी, श्री दूध सहित अन्य कंपनियों ने भी कीमतों में बदलाव किया है। इससे मध्यमवर्गीय और निम्न आय वाले परिवारों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

दूध की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि पहले ही रसोई गैस, सब्जियां, खाद्य तेल और अन्य जरूरी सामान महंगे हैं। ऐसे में दूध के दाम बढ़ने से महीने का खर्च और बढ़ जाएगा। उपभोक्ताओं को नई कीमतों की जानकारी भी बाजार में नए पैकेट पहुंचने के बाद मिली।

अमूल के विभिन्न उत्पादों के बढ़े दामः अमूल गोल्ड का एक लीटर पैकेट अब 70 रुपये के बजाय 74 रुपये में मिलेगा। अमूल ताजा और काउ मिल्क की कीमत 57 से बढ़कर 59 रुपये प्रति लीटर हो गई है। टी-स्पेशल का दाम 61 से बढ़कर 65 रुपये प्रति लीटर हुआ है। वहीं अमूल भैंस के दूध की कीमत 76 से बढ़कर 82 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

गृहणियों ने जताई नाराजगीः गृहणियों अनीता, शालिनी, मंजू और निशा ने बताया कि दूध रोजमर्रा की जरूरत है और हर परिवार में इसकी खपत होती है। पहले से महंगी घरेलू वस्तुओं के बीच दूध की कीमत बढ़ने से बजट बिगड़ जाएगा। सीमित आमदनी में लगातार बढ़ते खर्चों के कारण घर चलाना मुश्किल हो रहा है।

उपभोक्ताओं ने सरकार से आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर निगरानी रखने और महंगाई से राहत दिलाने की मांग की है।

रायसेन पुलिस लाइन में आज हवाई हमले से बचाव की मॉक ड्रिल

रायसेन। केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशानुसार मध्य प्रदेश के रायसेन स्थित पुलिस लाइन में आज बुधवार को आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों के तहत हवाई हमले के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं की मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. अनुभा सिंह ने बताया कि यह अभ्यास शाम लगभग 7 बजे किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले जैसी आपातकालीन स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों, सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की तैयारियों का अभ्यास किया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

नशे के अवैध नेटवर्क पर कार्रवाई, युवक एक साल के लिए इंदौर के केंद्रीय जेल भेजा

नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और नशे के नेटवर्क को कमजोर करने के उद्देश्य से चिमनगंज मंडी पुलिस ने एक युवक के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की है। सक्षम प्राधिकारी के आदेश और न्यायालय के निर्देशों के पालन में युवक को एक वर्ष के लिए इंदौर केंद्रीय जेल में निरुद्ध किया गया है।



पुलिस के अनुसार, नशे से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में राजरायल कॉलोनी, चिमनगंज निवासी अशफाक उर्फ कटोरी पिता अब्दुल साबरी (19) के विरुद्ध वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर निरोधात्मक कार्रवाई की गई। आदेश जारी होने के बाद उसे एक वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय जेल इंदौर भेज दिया गया।

नशे के नेटवर्क पर अंकुश लगाने की कवायदः पुलिस का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और उससे जुड़े नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। अधिकारियों के अनुसार, शहर और आसपास के क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त तथा परिवहन के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि नशीले पदार्थों की बिक्री, परिवहन या किसी अन्य संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। समय पर सूचना मिलने से प्रभावी कार्रवाई कर समाज और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने में मदद मिल सकती है।

मनीष गर्ग की पुस्तक 'आधार, रिश्ते और दृढ़ता' का विमोचन गहलोत ने कहा- समाज और युवाओं को मिलेगी नई दृष्टि

नईदुनिया प्रतिनिधि, नागदाः ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, केमिकल डिवीजन, बिरलाग्राम नागदा के इकाई प्रमुख मनीष गर्ग की पुस्तक 'आधार, रिश्ते और दृढ़ता' का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। पुस्तक का विमोचन कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ राजनेता थावरचंद गहलोत ने किया। उन्होंने पुस्तक के प्रकाशन पर मनीष गर्ग को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक समाज और युवा पीढ़ी को नई दृष्टि एवं प्रेरणा प्रदान करेगी।

श्री गहलोत ने कहा कि पुस्तक में जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह पाठकों को जीवन को देखने, समझने और उसके विविध आयामों पर चिंतन करने का अवसर देगी। उन्होंने पुस्तक के संकलन एवं प्रस्तुतीकरण में योगदान देने वाले बृजेश यदुवंशी और कुंजल गर्ग की भी सराहना की।

कार्यक्रम में पुस्तक की विषयवस्तु, उद्देश्य और विशेषताओं पर आधारित वीडियो



प्रदर्शित किया गया। इसके बाद बृजेश यदुवंशी एवं कुंजल गर्ग ने पुस्तक के रचनात्मक पक्ष और विषयवस्तु पर अपने विचार रखे।

समारोह में मनीष गर्ग के जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि, संघर्ष, अनुभवों और व्यावसायिक यात्रा पर विशेष संवाद सत्र आयोजित हुआ। इसका संचालन सुरेन्द्र मीणा एवं अम्बु ऐरन ने किया। संवाद के दौरान उपस्थित लोगों को श्री गर्ग के जीवन-दर्शन और कार्यक्षेत्र से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग जानने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में ग्रेसिम स्टेपल फाइबर डिवीजन के इकाई प्रमुख शान्तनु कुलकर्णी, लेंक्सेस के इकाई प्रमुख सुनील गुलाटी, गुलबांड्सन के इकाई प्रमुख राजीव पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गहलोत, मंडी टीआई अमृतलाल गवरी, बिरलाग्राम टीआई जितेंद्र पाटीदार सहित विभिन्न औद्योगिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अजय नागर एवं तान्या भगत ने किया। अंत में विनोद मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन विचारों, अनुभवों और जीवन मूल्यों को समाज के साथ साझा करने का सार्थक प्रयास रहा।

रावण गांव में नेत्र परीक्षण शिविर, 147 से अधिक लोगों की जांच

गंजबासौदा। ग्राम रावण में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर की ओर से विशाल नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 147 से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आंखों की देखभाल और उपचार संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. संजय पांडे, कैंप प्रभारी जीतू पाठक और काउंसलर घनश्याम बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व जमीदार गणेश राम रघुवंशी मुख्य अतिथि तथा समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले अध्यक्षता में शामिल हुए। शिविर में 41 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। 29 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि 36 लोगों की आंखों की जांच के बाद चश्मे के नंबर निर्धारित किए गए। इसके अलावा 39 लोगों को निशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को आंखों की सुरक्षा और ऑपरेशन के बाद बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया।

टीम इंडिया के क्रिकेटरों ने बाबा महाकाल के दरबार में टेका मत्था, भस्म आरती में हुए शामिल



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः भारतीय क्रिकेटर नीतीश राणा, युजवेंद्र चहल, राहुल तेवतिया, सुमित कुमार और अमित कुमार ने बुधवार सुबह ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। क्रिकेटरों ने प्रात:कालीन भस्म आरती में शामिल होकर नंदी हॉल में बैठकर श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आरती के दर्शन किए।

दर्शन के बाद लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल मंदिर की व्यवस्थाओं से प्रभावित नजर आए। उन्होंने कहा कि भस्म आरती में शामिल होकर मन को काफी सुकून मिलता है। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को भी सुविधाजनक तरीके से दर्शन करने का अवसर मिलता है। चहल ने मंदिर के पुजारियों और कर्मचारियों के सहयोगात्मक व्यवहार की भी सराहना की।

परेशानी में महाकाल से मिलती है नई ऊर्जा : नीतीश राणाः क्रिकेटर नीतीश राणा ने बाबा महाकाल के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि वे पहले भी कई बार मंदिर में दर्शन करने आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि जब जीवन में किसी परेशानी या दुविधा का सामना करना पड़ता है और रास्ता समझ नहीं आता, तब वे बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचते हैं। राणा के अनुसार, बाबा के दर्शन से उन्हें मानसिक शांति और परिस्थितियों का सामना करने के लिए नई ऊर्जा मिलती है।

सेवा भारती ने शुरू किया निशुल्क दिशा कोचिंग सेंटर, जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलेगी शिक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा भारती ने भैरूंदा में निशुल्क दिशा कोचिंग क्लास सेंटर शुरू किया है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। यहां विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे अपनी शैक्षणिक क्षमता को निखारकर आगे बढ़ सकें।

शुभारंभ कार्यक्रम में खंड संघचालक बृजमोहन गौड़, सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर के सचिव कमल सिंह ठाकुर और सेवा भारती नगर भैरूंदा के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। ऑनलाइन माध्यम से क्षेत्रीय सेवा



प्रमुख ओमप्रकाश सिसोदिया और प्रांत सेवा प्रमुख विक्रम सिंह ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, जिला पूर्णकालिक सुनील भारती, मारुति शिशिर, शक्ति शर्मा, सेवा भारती सचिव राकेश वर्मा, सह सचिव डॉ. श्रीस व्यास, सह कोषाध्यक्ष रानी वर्मा सहित शिक्षिका ऋषिका श्रोती, नयन सोनी, राहुल अग्रवाल, बब्ली शर्मा और पूजा बैरागी उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने अतिथियों, सहयोगकर्ताओं और उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि दिशा कोचिंग सेंटर जरूरतमंद विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बाल वैज्ञानिकों ने कहा - यह जादू नहीं, विज्ञान है!

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय, महुआखेड़ी तकीपुर में भव्य बाल शोध मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन बी.आर.सी. श्री अशोक वर्मा जी द्वारा किया गया।

विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के शिक्षकों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के सामूहिक प्रयास और सहयोग से पुराने एवं अनुपयोगी सामान का उपयोग करके एक विज्ञान प्रयोगशाला तैयार की गई। इस प्रयोगशाला में बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया। इनमें भोजन के घटक, पुष्प के भाग, अम्ल-क्षार एवं उदासीन पदार्थों की पहचान, प्रकाश का परावर्तन तथा सूक्ष्मदर्शी का उपयोग आदि प्रमुख रहे। साथ



ही, बच्चों को विभिन्न प्रयोगशाला उपकरणों की जानकारी भी दी गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी खेल-आधारित शिक्षण के माध्यम से विज्ञान को समझने और उससे जुड़ने का प्रयास किया। उन्होंने प्लास्टिक की बोतल, स्ट्रॉ और गुब्बारे की सहायता से हवा से चलने वाली गाड़ी बनाई। यह प्रयोग न्यूटन के गति के तीसरे नियम पर आधारित था। विज्ञान प्रयोगों के माध्यम से बच्चों ने अंधविश्वासों के पीछे छिपे वैज्ञानिक तथ्यों को भी समझा। एक रोचक प्रयोग के माध्यम से उन्होंने नींबू काटने पर लाल रंग दिखाई देने के पीछे का विज्ञान जाना। बच्चों को बताया गया कि नींबू में पहले से ही एक सूचक (इंडिकेटर) डाला जाता है, जो काटने पर लाल रंग के रूप में दिखाई देता है। इस प्रकार उन्होंने जाना कि जिसे वे जादू या चमत्कार समझ सकते हैं, उसके पीछे भी वैज्ञानिक कारण हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बच्चों को मापन की विभिन्न विधियों तथा तापमापी (थर्मामीटर) के उपयोग की जानकारी भी दी गई और उन्हें स्वयं प्रयोग करके सीखने का अवसर मिला। मेले में बच्चों द्वारा विभिन्न मॉडल एवं पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए। मेले का अवलोकन करने के लिए आसपास के विद्यालयों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं विज्ञान शिक्षक तथा ग्रामवासी उपस्थित हुए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रयोगों, मॉडलों और उनकी वैज्ञानिक समझ को देखकर सभी आश्चर्यचकित एवं उत्साहित हुए। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ अपने प्रयोगों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्री जयंत दसवानी जी द्वारा सभी बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में बी.आर.सी. अशोक वर्मा, ए.पी.सी. सुरेंद्र यादव, प्राचार्य श्रीमती नीता सक्सेना, हलधर उराव साहित्यकार आकाश माथुर, शुभम चौरसिया, पायल बनर्जी, प्रेरणा, अमृता, सौरभ,गायत्री कोशल, समद्रिता सतीश त्यागी, गोवर्धन सिंह, प्रार्थना गुप्ता, सरिता ठाकुर, साक्षी पालीवाल, मीना सिलावट, शालिनी भारती, इलसबा भगत, कीर्ती नीगम,सत्यनारायण शर्मा, दीक्षा झा, वेदांती गाडेकर, सलोनी धतवालिया एवं कमल बर्मन उपस्थित रहे।